# जनजातीय क्षेत्र में संतुलित पशुआहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन

***मुक्तेश्वर 9 मार्च 2021:*** भा.कृ.अनु.प.–खुरपका एव मुँहपका रोग निदेशालय, मुक्तेश्वर, नैनीताल द्वारा जनजातीय उप–योजना के अन्तर्गत ग्राम सुनखरी कला, सितारगंज, जिला–ऊधमसिंह नगर में दिनांक 09–03–2021 को जनजातीय पशुपालकों के मध्य संतुलित पशुआहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 114 जनजातीय पशुपालक सम्मिलित हुए, जिनके 181 दुधारू गाय और भैंस के लिए पशुआहार का वितरण किया गया, जिसका लक्ष्य पशुओ के उत्तम स्वास्थ एवं उत्पादन क्षमता को बढ़ाना है। दुधारू एवं गर्भधारण किए हुए पशुओ को संतुलित पशुआहार की गुणवत्ता तथा खिलाने की तकनीक का प्रदर्शन किया गया तथा पशुआहार भंडारण का तरीका भी समझाया गया। बीमार पशुओ में भी संतुलित आहार एवं पोषण की उपयोगिता और प्रबंधन का तरीका पशुपालको को बताया गया। इन सभी प्रकार की जानकारी के माध्यम से पशुपालकों को जागरुक किया गया। संस्थान द्वारा तैयार लीफलेट को भी पशुपालको को दिया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित समस्त पशुपालकों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम को करवाने के लिए संस्थान निदेशक का आभार व्यक्त किया। उपरोक्त समस्त कार्यक्मो का संचालन संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डा0 चन्द्रकान्ता जाना द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के समय मास्क, हैंड सैनिटाइजेशन एवं सोशल डिस्टन्सिंग का पूरा ध्यान रखा गया।




जनजातिय उप योजना
(भारत सरकार)
कार्यान्वयन

\







ग्राम सुनखरी कला में संतुलित पशुआहार वितरण कार्यक्रम